News Paper PG-no :-2

दैनिक जागरण

# बैठक में पांच चिरेकाकर्मी हुए पुरस्कृत



राजभाषा समिति बैठक की अध्यक्षता करते चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ● जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण● मिहिजाम (डामताड़ा) : चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन सभाकक्ष में चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा की अध्यक्षता में बुधवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई।

महाप्रबंधक मल्होत्रा ने कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच, राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है। इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह आमजन की भाषा है और सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकती हैं जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे। सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है। महाप्रबंधक ने आग्रह किया है कि हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए, इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए अपना योगदान निरंतर जारी रखें। इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य हेतु तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर, यांत्रिक विभाग के रोहन सिंह, कनिष्ठ लेखा सहायक, लेखा विभाग के सुमित कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, ड्राइंग एवं अभिकल्प, विद्युत् विभाग के आशीष कुमार, कार्यालय अधीक्षक, तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र रामा कान्त साह और मुख्य कार्यालय अधीक्षक, अभिकल्पश्री पार्थ भट्टाचार्य एवं विकास केंद्र को महाप्रबंधक ने पुरस्कार प्रदान किया। राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य से राजभाषा संबंधित क्विज कराई गई। इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

एक मात्र विश्वसनीय

News Paper PG-no :-07

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

# प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार की मनाई गई जयंती

मिहिजाम, प्रतिनिधि। चिरेका प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में बुधवार को चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157 वीं बैठक महाप्रबंधक हितेंद्र मलहोत्रा की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई।

मौके पर महाप्रबंधक सहित अन्य ने दुष्यंत कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी रचित कविताओं का पाठ भी किया। इस दौरान राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य के लिए सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर/यांत्रिक विभाग के रोहन कुमार सिंह, कनिष्ठ लेखा सहायक/लेखा विभाग के सुमित कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ ड्राइंग एवं अभिकल्प/ विद्युत विभाग के आशीष कुमार, कार्यालय अधीक्षक/तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के रामाकांत साह और मुख्य कार्यालय अधीक्षक/अभिकल्प एवं विकास केंद्र के पार्थ भट्टाचार्य को महाप्रबंधक ने पुरस्कृत किया। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।



बुधवार को चिरेका प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में बैठक में मौजूद महाप्रबंधक हितेंद्र मलहोत्रा।

संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच,राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है। इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह आमजन की भाषा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकती हैं, जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे। आज सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया है कि, हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए, इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए तद्नुसार अपना योगदान निरंतर जारी रखें। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

News Paper PG-no :-16

Dainik Bhaskar/ Dhanbad

# हिंदी में प्रशंसनीय कार्य के लिए पांच चिरेका कर्मी पुरस्कृत

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित, चिरेका में हर माह बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को किया जाता है पुरस्कृत

भास्कर न्यूज | चित्तरंजन





चितरंजन रेलइंजन कारखाना महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा की अध्यक्षता में महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन सभाकक्ष में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक सहित अन्य गणमान्यों ने दुष्यंत कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी रचित कविताओं का पाठ भी किया गया।

बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य के लिए रोहन कुमार सिंह, प्रमुयांइ के तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर यांत्रिक विभाग, सुमित कुमार कनिष्ठ लेखा सहायक लेखा विभाग, आशीष कुमार वरिष्ठ अनुभाग अभियंता ड्राइंग एवं अभिकल्प विद्युत् विभाग, रामा कान्त साह कार्यालय अधीक्षक तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और पार्थ भट्टाचार्य मुख्य कार्यालय अधीक्षक अभिकल्प एवं विकास केंद्र को महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। बता दें कि चिरेका में हर माह कर्मियों को पुरस्कृत किया जाता है।

### हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत है: महाप्रबंधक

बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा संबंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री मल्होत्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच, राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है।

इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह आमजन की भाषा है और सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकती हैं जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे। आज सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया है कि हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए तद्नुसार अपना योगदान निरंतर जारी रखें।

News Paper PG-no :-6

**परीक्षित**

कोलकाता, गुरुवार 12 सितंबर, 2024 E-mail : parixit_kolkat

परीक्षित (दैनिक) कोलकाता, 12 सितंबर, 2024 : 7

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित ; हिंदी में प्रशंसनीय कार्य हेतु पांच चिरेका कर्मी पुरस्कृत

चित्तरंजन,11.09.2024: श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में आज 11 सितंबर 2024 को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन सभाकक्ष में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार जी की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक महोदय सहित अन्य गणमान्यों ने दुष्यंत कुमार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी रचित कविताओं का पाठ भी किया गया।इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे।इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य हेतु श्री रोहन कुमार सिंह,प्र.मु.यां.इं के तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर/यांत्रिक विभाग,श्री सुमित कुमार,कनिष्ठ लेखा सहायक/ लेखा विभाग,श्री आशीष कुमार,वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ ड्राइंग एवं अभिकल्प/ विद्युत विभाग, श्री रामा कान्त साह, कार्यालय अधीक्षक/ तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और श्री पार्थ भट्टाचार्य,मुख्य कार्यालय अधीक्षक/अभिकल्प एवं विकास केंद्र को महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।











बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री मल्होत्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच,राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है। इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह आमजन की भाषा है और सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकती हैं जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे।आज सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है।

उन्होंने आग्रह किया है कि, हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए, इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए तदनुसार अपना योगदान निरंतर जारी रखें।

News Paper PG-no :-3

**इंफो इंडिया**

कोलकाता, बृहस्पतिवार, 12 सितम्बर, 2024

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित ; हिंदी में प्रशंसनीय कार्य हेतु पांच चिरेका कर्मी पुरस्कृत




**चित्तरंजन, 11 सितम्बर ।** श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में आज 11 सितंबर 2024 को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन सभाकक्ष में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार जी की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक महोदय सहित अन्य गणमान्यों ने दुष्यंत कुमार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी रचित कविताओं का पाठ भी किया गया। इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे।इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य हेतु श्री रोहन कुमार सिंह,प्र.मु.यां.इं के तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर/यांत्रिक विभाग,श्री सुमित कुमार,कनिष्ठ लेखा सहायक/ लेखा विभाग,श्री आशीष कुमार,वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ ड्राइंग एवं अभिकल्प/ विद्युत् विभाग, श्री रामा कान्त साह, कार्यालय अधीक्षक/ तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और श्री पार्थ भट्टाचार्य,मुख्य कार्यालय अधीक्षक/अभिकल्प एवं विकास केंद्र को महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री मल्होत्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच,राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है। इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह आमजन की भाषा है और सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकती हैं जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे।आज सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया है कि, हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए, इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए तद्नुसार अपना योगदान निरंतर जारी रखें।

News Paper PG-no :- 7

जयपुर
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स

# हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने पर पांच चिरेका कर्मी पुरस्कृत

## चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता



**चित्तरंजन।** चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा की अध्यक्षता में बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार की जयंती मनाई गई, जिसमें महाप्रबंधक सहित अन्य गणमान्य जनों ने दुष्यंत कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी रचित कविताओं का पाठ किया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य करने पर तकनीकी सहायक रोहन कुमार सिंह, कनिष्ठ लेखा सहायक सुमित कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता आशीष कुमार, कार्यालय अधीक्षक तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र रामाकान्त साह और मुख्य कार्यालय अधीक्षक अभिकल्प एवं विकास केंद्र पार्थ भट्टाचार्य को महाप्रबंधक ने पुरस्कार प्रदान किया। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

**'अपनी भाषा में काम करके ही विकास कर सकता है राष्ट्र'** : बैठक की अध्यक्षता कर रहे मल्होत्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच, राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है। इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग व प्रसार इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि यह आमजन की भाषा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं भी तभी प्रभावी बन सकती हैं, जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे। आज सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया है कि हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए तदनुसार अपना योगदान निरंतर जारी रखें।

News Paper PG-no :- 7

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

बिहार ऑबजर्वर

# हिंदी में प्रशंसनीय कार्य के लिए 5 चिरेकाकर्मी पुरस्कृत



**चित्तरंजन (ससे):** हिर्तेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में ११ सितंबर को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन सभाकक्ष में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की १५७वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार जी की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक सहित अन्य गणमान्यों ने दुष्यंत कुमार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी रचित कविताओं का पाठ भी किया गया।

इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य हेतु रोहन कुमार सिंह,प्र.मु.यां.इं के तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर/यांत्रिक विभाग, सुमित कुमार, कनिष्ठ लेखा सहायक/ लेखा विभाग, आशीष कुमार,वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ ड्राइंग एवं अभिकल्प/ विद्युत् विभाग, रामा कान्त साह, कार्यालय अधीक्षक/तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और पार्थ भट्टाचार्य,मुख्य कार्यालय अधीक्षक/अभिकल्प एवं विकास केंद्र को महाप्रबंधक के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री मल्होत्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है और देश की मौलिक सोच,राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कोई भी राष्ट्र अपनी भाषा में काम करके ही विकास को नए आयाम दे सकता है। इस कड़ी में राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह आमजन की भाषा है और सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकती हैं जब उनकी जानकारी आमजन की भाषा में उन तक पहुंचे।आज सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में भी आसानी से काम किया जा सकता है।

उन्होंने आग्रह किया है कि, हम सबका यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा की गरिमा को बनाए रखते हुए, इसकी अनिवार्यता को आत्मसात करते हुए तद्नुसार अपना योगदान निरंतर जारी रखें।

News Paper PG-no :- 5

.com

खबरों की नई पहचान

भारतमित्र

BHARATMITRA, KOLKATA, THURSDAY, 12 SEPTEMBER, 2024

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**चित्तरंजन** । श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन सभाकक्ष में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार जी की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक महोदय सहित अन्य गणमान्यों ने दुष्यंत कुमार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी रचित कविताओं का पाठ भी किया गया।इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री हामिद अख्तर सहित विभागों के प्रमुख अध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य हेतु श्री रोहन कुमार सिंह, प्र.मु.यां.इं के तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ इंजीनियर/यांत्रिक विभाग, श्री सुमित कुमार, कनिष्ठ लेखा सहायक/ लेखा विभाग, श्री आशीष कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ ड्राइंग एवं अभिकल्प/ विद्युत् विभाग, श्री रामा कान्त साह, कार्यालय अधीक्षक/तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और श्री पार्थ भट्टाचार्य, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/अभिकल्प एवं विकास केंद्र को महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के तहत अधिकारियों के मध्य राजभाषा सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

Paper PG-no :-5

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक
देवघर, गुरुवार
12.09.2024
पृष्ठ : 18, मूल्य : ₹ 5
**प्रभात खबर**
अखबार नहीं आंदोलन
देवघर । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित
facebook.com/prabhat.khabar twitter.com/prabhatkhabar instagram.com/prabhat.khabar youtube.com/c/PrabhatKhabartv/

# प्रशंसनीय कार्य के लिए चिरेका के पांच कर्मी पुरस्कृत



**मिहिजाम.** चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा की अध्यक्षता में बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित प्रशासनिक भवन में चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 157वीं बैठक हुई. इस अवसर पर प्रख्यात कवि दुष्यंत कुमार की जयंती मनाई गयी. महाप्रबंधक सहित अन्य ने दुष्यंत कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा उनके रचित कविताओं का पाठ भी किया. मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य के लिए रोहन कुमार सिंह, सुमित कुमार, आशीष कुमार, रामा कांत साह, पार्थ भट्टाचार्य आदि को पुरस्कार प्रदान किया गया. राजभाषा पखवारा के तहत राजभाषा से संबंधित क्विज का भी आयोजन किया गया. महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने कहा कि भाषा किसी भी देश की विशिष्ट पहचान होती है. मौलिक सोच, राजकीय काम-काज और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम होती है. इस कड़ी में हिंदी का व्यापक प्रयोग-प्रसार आवश्यक है. मौके पर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर हामिद अख्तर आदि मौजूद थे.